हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 28 जून 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 जनप्रतिनिधि व प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने ...



07 सज्जनों का सम्मान करें और दुर्जनों के विरुद्ध हो ...



## खबर संक्षेप

### तीन पटवारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**नलखेड़ा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने साइबर तहसील के कार्यों में उदासीनता बरतने पर पटवारी राजेश घावरी, राकेश कुमार वर्मा, रानू मरम्मट को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि जनता को शासन की योजना का लाभ समय से मिल सके इसके लिए मप्र शासन द्वारा जिले की तहसीलों को साइबर तहसील में परिवर्तन किया गया है। उक्त पटवारियों द्वारा साइबर तहसील संबंधी कार्यों में उदासीनता बरती गई तथा 10 दिवस से अधिक होने पर भी प्रकरणों में रिपोर्ट पेश नहीं की गई।

### रिवाम्पड पोर्टल के संचालन के लिए प्रशिक्षण आज

**नलखेड़ा।** जन्म, मृत्यु पंजीयन के रिवाम्पड सीआरएस पोर्टल पर इकाईयों में किए जाने वाले पंजीयन कार्य के दौरान आ रही तकनकी कठिनाईयों के निदान के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण 28 जून को संयुक्त कलेक्टर कार्यालय में दोपहर 12 बजे से रखा गया है। प्रशिक्षण में सिविल सर्जन, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकास खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ एवं प्राथमिका स्वास्थ्य केन्द्रों के उप रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु संबंधित शाखा प्रभारी के साथ प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### इंदौर-भोपाल हाईवे पर आष्टा के ग्राम किलेरामा के पास हुई दुर्घटना

# हादसा: टैंकर में पीछे से घुसी कार भोपाल निवासी तीन लोगों की मौत

टैंकर में घुसने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले के आष्टा में इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास हादसा हो गया। हादसे में तेज रफ्तार कार पीछे से दूध के टैंकर में जा घुसी और बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा मंगलवार रात 12 से 1 बजे के बीच हुआ। इस हादसे में कार सवार भोपाल के 3 लोगों की मौत हो गई।

### टैंकर में घुसने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

बताया जा रहा है कि इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास भोपाल से इंदौर की ओर जा रहे एक दूध के टैंकर में पीछे से तेज गति से आ रही कार घुस गई। टैंकर में घुसने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि देर रात ये घटना घटित हुई है।

**भोपाल से इंदौर जा रहा था टैंकर :** इस घटना में कार में सवार महेश ठाकुर, रूपसिंह और सुनील की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों ही भोपाल के रहने वाले थे। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर इन सभी के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। पीएम के बाद इन सभी के शव को परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि पार्वती थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। मिश्रा ने बताया कि जिस दूध के टैंकर में ये कार पीछे से घुसी वह भी भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था।



# पुलिस ने एक साथ किया दो अलग-अलग चोरी का खुलासा

### आरोपी के कब्जे से टैबलेट व नकदी 10 रुपए जब्त
### आरोपी सूने घरों पर करते थे चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा



पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने में सफला प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी गणेश मीना निवासी गुलाब विहार कॉलोनी भैरुंदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ घर पर ताला लगा कर अपने ससुराल जिला देवास गया था। 30 अप्रैल के दोपहर करीब 12.30 बजे घर आकर देखा पाया कि पलंग पेटी के अंदर रखे नकदी 70 हजार रुपए नहीं थे। कोई अज्ञात चोर घर सूना देखकर रुपए चोरी कर ले गया। वहीं 23 जून को फारियादी रामदयाल निवासी भाईलाल कॉलोनी ने थाना में जाकर मामला दर्ज कराया और 13 मई को सुबह अपने परिवार के साथ बाहर शादी में गया था। जब वह 15 मई को दोपहर घर आकर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था। जिसके अंदर रखे सोने के जेवर, एक मोबाइल टेबलेट चोरी कर ले गए। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने चोरी की गई समग्री की तलाश व अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरुंदा निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई।

24 जून को मुखबिर की सूचना पर आरोपी आयान खान पिता मुबारिक खान उम्र 19 साल निवासी मियां मोहल्ला के पास से से चोरी की गई समग्री, एक लेनेवो कंपनी का टेबलेट व नगदी 10 हजार रुपए आरोपी के पास से जब्त किए गए। आरोपी ने बताया गया कि घटना में उसका एक अन्य साथी भी शामिल हैं। जिसके साथ मिलकर उसने चोरी की थी बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# महिलाओं ने खेतों में हल-बखर चलाकर किया टोटका, अच्छी बरसात के लिए इंद्र से की प्रार्थना

**सीहोर।** वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है, कई किसानों ने बोवनी भी कर दी है, परंतु बरसात नहीं होने के कारण किसानों में बेचेनी का महौल बना हुआ है। जिसको लेकर जिससे जो बन रहा है, वह उसी प्रकार इन्द्रदेव को मनाने में लगा हुआ है।

इसी कड़ी में अच्छी वर्षा के लिए महिलाओं ने खेत में हल-बख्खर चलाकर टोटका करते हुए इंद्रदेव भगवान को मनाने के लिए खेतों में हल-बखर चलाते हुए इंद्रदेव भगवान को अपनी देहाती भाषा में गीत गाते हुए प्रार्थना की है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में भी पानी बरसा दीजिए। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा का कहना है कि



पुराने जमाने में जब वर्षा नहीं होती थी तो ग्रामीण महिलाएं अपने-अपने खेतों में हल-बखर चलाते हुए अनूठे तरीके से टोटका करते थे एवं इंद्रदेव भगवान को मनाते थे और ईश्वर की ऐसी कृपा थी कि अच्छी वर्षा होने लगती थी। दूर दराज में बसे गांवों में बस बुंदा-बांदी ही हुई परन्तु अच्छी बरसात नही हुई है। जिसको लेकर किसान चिंतित है और ग्रामीण महिलाओं के द्वारा अपने-अपने खेतों में हल-बखर चलाकर, भजन गाते हुए इंद्रदेव भगवान की प्रार्थना की जा रही है।

ग्रामीण महिलाएं तरह-तरह का टोटका करके गीत भजन गाते हुए पुराने जमाने की परंपरा के अनुसार इंद्रदेव भगवान से प्रार्थना कर रही है कि इंद्रदेव भगवान हमारे ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट है इस समय पीने के पानी का भी संकट है और हमारे इधर बरसात नहीं हुई है। अभी खेतों की बोनी भी नहीं हुई है हुए ट्यूबवेल, कुओं, नदी आदि सुखे पड़े हैं। हम पर कृपा कीजिए ऐसी महिलाओं ने गीत भजन गाते हुए इंद्रदेव भगवान की प्रार्थना की है और अच्छी वर्षा करने की कामना इंद्रदेव भगवान से की गई है।

### मुनिराज प्रज्ञासागर महाराज के सानिध्य में किया पौधारोपण



**नलखेड़ा।** तपोभूमि प्रणेता मुनिराज प्रज्ञासागर महाराज के आमला में विश्राम के दौरान स्थानीय समाजजनों व अन्य समाज के भक्तों द्वारा उनके सानिध्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया गया। मुनिश्री का वर्ष 2024 का चातुर्मास पाटन राजस्थान में संपन्न होगा। उज्जैन से राजस्थान के पाटन जा रहे प्रज्ञासागर महाराज बुधवार को नलखेड़ा तहसील के आमला पहुंचे जहां पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मुनिश्री की आहार चर्या करवाई गई। आमला में विश्राम के दौरान स्थानीय समाजजनों व अन्य समाज के भक्तों द्वारा उनके सानिध्य में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर सहित दिगम्बर जैन समाजजनों ने मुनिश्री के सानिध्य में 5 वृक्ष लगाकर पौधारोपण करने का सौभाग्य प्राप्त कर मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनिश्री ने आमला से सुसनेर की ओर विहार किया जहां कुछ दिनों के लिए मुनिश्री की स्थिरता रहेगी।



# इस बार सावन की शुरुआत 22 जुलाई से होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सावन का महीना पवित्र माना जाता है, क्योंकि यह मास देवों के देव महादेव को प्रिय है। वैसे तो हर महा पूजा-पाठ व्रत, उपवास के लिए शुभ होता है। लेकिन सावन मास में पड़ने वाले सोमवार की एक खास विशेषता है, सावन की शुरुआत कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस वर्ष सावन की शुरुआत दुर्लभ संयोगों के साथ 22 जुलाई सोमवार से होगी, वहीं इसका समापन भी सोमवार को ही होगा। सावन माह में शिव भक्त अपने आराध्य शिव और माता पार्वती की पूरे विधि-विधान से पूजा कर व्रत रखते हैं। जिससे शुभ फलों की प्राप्ति होती है, साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस बार सावन दो दुर्लभ संयोगों से भरा हुआ है।

पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल 2024 में सावन महीने की शुरुआत 22 जुलाई से होगी, हालांकि सावन माह की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 21 जुलाई को दोपहर 3:47 पर शुरू हो जाएगी यहां अगले दिन 22 जुलाई को 1:45 तक रहेगी। ऐसे में 22 जुलाई से सावन माह की शुरुआत होगी और 19 अगस्त सोमवार के दिन इसका समापन होगा। इस बार सावन का महीना बहुत ही खास है क्योंकि सोमवार के दिन दुर्लभ संयोगों में इसकी शुरुआत हो रही है जो की शिवजी का बहुत ही प्रिय वार है इसके साथ ही सावन की समाप्ति भी सोमवार के दिन से ही होगी। इस दिन प्रीति, आयुष्मान योग के साथ सवार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इन शुभ योगों में शिवजी और माता पार्वती की पूजा करने से कई गुना अधिक फल प्राप्त होगा।





पं. शर्मा ने बताया कि सावन की शुरुआत आषाढ़ पूर्णिमा के बाद होती है। इस दौरान सावन सोमवार व्रत, मंगल गौरी व्रत और सावन श्री रात्रि जैसे पवित्र अनुष्ठान किए जाते हैं। सावन माह सनातन धर्म का पवित्र महीना माना जाता है।

# आपदा कीट प्रकोप की राशि वितरण में वित्तीय अनियमितता बरतने पर 14 पटवारियों के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित

### जांच व प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा जिला अंतर्गत प्राकृतिक आपदा कीट प्रकोप की राशि वितरण में वित्तीय अनियमितता बरतने पर नलखेड़ा, सुसनेर, आगर, बडोद तहसील के 14 पटवारियों के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई है। जारी आदेशानुसार तहसील नलखेड़ा के पटवारी सीताराम रैकवार, कपिल मेवाड़ा, दिलीप बंसिया, कमलेश शर्मा, राजेश घावरी, सुसनेर तहसील के पटवारी किशोर मालवीय, दुर्गाशंकर न्यावा, सुश्री चंचल टटवाडे, शिवलाल सूर्यवंशी, तहसील आगर के पटवारी संदीप राठौर, अंकित त्रिपाठी तथा तहसील बड़ौद के पटवारी परमान्न त्यागी, दीपक परमार, जितेन्द्र परमार के द्वारा प्राकृतिक आपदा कीट प्रकोप की राशि प्रभावित कृषकों के खातें में जमा ना कर अन्य खातें में जमा कर अनियमितता की गई तथा जारी कारण बताओं नोटिस का जवाब पेश न कर समक्ष में स्वयं का साक्ष्य दिया गया, जो संतोषप्रद नहीं होने तथा उक्त कृत्य गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आने पर उक्त पटवारियो के विरूद्ध मध्य-प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के विरूद्ध जांच संस्थित की गई है। साथ ही जांचकर्ता एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### गगन जनसेवा समिति के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया था

# नि:शुल्क कान, नाक, गला जांच शिविर आयोजित 300 रोगियों की हुई फ्री जांच व दवाई भी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क रूप से स्वास्थ्य की जांच, भोजन-प्रसादी और शीतल पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है।

इसके अंतर्गत बुधवार को गगन जनसेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया था। स्वयं गुरुदेव इस मौके पर उपस्थित रहे और यहां पर मौजूद विठलेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, मनोज



दीक्षित मामा, सौभाग्य मिश्रा, यश अग्रवाल, रविन्द्र नायक, भूपेन्द्र शर्मा, सतीश सेन, बंटी परिहार आदि ने शिविर में शामिल हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एलएन नामदेव, डॉ. प्रिया सोनी, प्रीतम वर्मा, अरविन्द योगी और दीपक वर्मा आदि शामिल थे। बुधवार की सुबह नौ बजे से एक दिवसीय निशुल्क कान, नाक, गला जांच शिविर आयोजित किया। शिविर मे 300 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. नामदेव ने नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों ने मरीजों के कान नाक व गले की जांच कर परामर्श दिया और निशुल्क दवाईयों का वितरण किया।

**हर सप्ताह आयोजित होता शिविर :** समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि यहां पर धाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना तो की गई है। इसके अलावा हर सप्ताह समिति के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बुधवार को भी यहां पर निशुल्क नाक, कान और गले के अलावा दंत चिकित्सकों के द्वारा जांच और दवाई का वितरण किया गया था। यहां पर आने वाले ज्यादातर मरीज कान बहना, कान के पर्दे और नस में दिक्कत, चक्कर आना, कम सुनना, नाक बंद होना, नाक से खून आना, बार-बार छींके आना, नाक की हड्डी और मांस बढन्ना आदि समस्याएं थीं। मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर मरीजों में दांतों में पायरिया, मसूड़ों में सडन्न, मुख में दुर्गंध आना, दांतों में ठंडा-गर्म लगना आदि समस्याएं थीं।

# नगर में बहुरूपिया कर रहा नगरवासियों का मनोरंजन

**नलखेड़ा।** लुप्त होती बहुरूपिया की कला को कुछ परिवार अभी भी जिंदा रखे हुए हैं। उनमें से ही एक राजस्थान के परिवार का सदस्य इन दिनों नगर में प्रतिदिन अलग अलग स्वांग रचकर बहुरूपिये के रूप में लोगों का मनोरंजन कर रहा है। गुरुवार को इसी बहुरूपिया परिवार का रवि राक्षस के जींद का रूप धारण कर नगरवासियों तथा बच्चों का मनोरंजन कर रहा था। राजस्थान के खाटू श्याम निवासी इस बहुरूपिया परिवार के मुखिया मुकेश ने बताया कि हमारे परिवार द्वारा बहुरूपिया की इस कला का प्रदर्शन विगत कई पीढ़ियों से किया जा रहा है। वर्तमान में उनके साथ उनके लड़के रवि, सागर व पारले भी बहुरूपिया बन कर लोगों का मनोरंजन कर रहे है। उन्होंने बताया कि यह कला ही उनकी आजीविका का साधन है। वे मध्यप्रदेश के कुछ शहरों व राजस्थान में इस कला का प्रदर्शन करते हैं। अंत मे इसके कद्रदान इनाम स्वरूप राशि प्रदान कर देते है जिससे उनके परिवार का पालन पोषण होता है।



**खबर संक्षेप**

## जल संचय अभियान में भागीदारी हों: अग्रवाल




**देवास।** शहर में इस वर्ष बारिश में वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल संचय और पानी बचाने की मुहिम को जिला प्रशासन,नगर निगम और सामाजिक संस्थाओं का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि सुनिश्चित करें कि जल संचय अभियान में हर घर की भागीदारी हो ताकि इस बारिश में अधिकतम जल संचय किया जा सके। बैठक को नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रियंका मिमरोट ने भी संबोधित किया और कहा कि सामुहिक प्रयासों से ही देवास शहर में तय किए 200 करोड़ लीटर पानी को इस बारिश में सहेजा जा सकता है। अमृत संचय टीम की साफीया कुरैशी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को पानी की महत्ता समझाई और उम्मीद जताई कि सामुहिक प्रयासों से इस बारिश में शहर में जल संचय एक कीर्तिमान स्थापित करेगा। कार्यक्रम में अमृत संचय अभियान से सुनील चतुर्वेदी, समीरा नईम, मोहन वर्मा, कृपाली राणा, विपिन पंड्या, मनीष वैद्य, हीना राठौर, मनीषा बापना, विशाल जगताप सहित आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## सम्मान कर सुंदरकांड का किया आयोजन

**देवास।** मोहन लाल राठौर योद्धा की स्मृति में परिवार द्वारा वृद्धाश्रम बसेरा में सुंदरकांड का आयोजन किया। हेमंत राठौर योद्धा ने बताया कि हमारे परिवार के पितृ पुरुष स्वर्गीय राठौर हमारे लिए हमेशा से प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। सेवा ही संकल्प के उनके नारे को चरितार्थ करने के उद्देश्य से हम विगत 2 वर्षो से सेवा कार्य करते आ रहे हैं। योद्धा ग्रुप को सफलता से 2 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर कार्यालय में समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया और वृद्धाश्रम बसेरा में सुंदर कांड का आयोजन किया गया।

### अदिवासी बाहुल्य ग्राम की आबादी को है मूलभूत सुविधाओं का इंतजार

# जनप्रतिनिधि व प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से बनाया मार्ग

ग्रामीण लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो व प्रशासनिक सिस्टम से गोपालपुरा से चेनपुरा तक के पक्के मार्ग के निर्माण कि मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों को बारिश के दिनों में परेशानी होती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

आदिवासी बाहुल्य विधानसभा बागली के अंतर्गत आज भी ऐसे कई गांव है, जो की मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है, जिन्हें स्वय के खर्चे पर ही अपनी समस्याओं का समाधान करना पड़ रहा है। सत्ता में बैठे लोग सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहते हैं। साथ ही प्रशासन में बैठे लोग भी प्रशासनिक नियमों का हवाला देकर इति श्री कर लेते हैं। चुनाव के दौरान नेता विकास के नाम पर बड़े-बड़े वादे तो करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद पलट कर भी नहीं देखते हैं,जबकि बागली विधानसभा आदिवासी बाहुल्य विधानसभा है। बावजूद इसके यहां का आदिवासी समाज आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर नजर आ रहा हैं।

जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत मुकुंदगढ़ का गोपालपुरा गांव आदिवासी आबादी से पटा हुआ है। यहां के ग्रामीण लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो व प्रशासनिक सिस्टम से गोपालपुरा से चेनपुरा तक के पक्के मार्ग के निर्माण कि मांग कर रहे हैं। लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। चुनावी दौर में इन ग्रामीणों से वोट लेने के लिए नेता वादा तो कर जाते हैं, लेकिन बाद में 5 साल तक कोई भी नजर नहीं आता है। गांव के विजय वास्केल,अनिल,किशन नरसिंग आदि ने बताया कि कई वर्षों से सभी परिवार के लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं। बारिश के दौर में इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। विजय ने बताया कि मार्ग बदहाल होने के कारण आज तक इस गांव के लोगों को एंबुलेंस 108 ,जननी जैसी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। पहली बारिश में ही पूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है। स्कूली बच्चों को भी इसी किचड़ में से गुजना पड़ता है। आखिरकार आवेदन, निवेदन करने के बाद हार कर सभी ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि राशि एकत्रित कर श्रमदान कर मार्ग पर मुर्र्मीकरण का निर्णय लिया।

उसी के चलते मंगलवार के दिन सभी ग्रामीणों ने एकत्रित होकर लगभग दो किमी तक श्रमदान कर मार्ग पर मुर्रम बिछाई, जिसमें लगभग 40 हजार से अधिक के खर्चा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। गोपालपुर में लगभग 129 आदिवासी समाज के परिवार निवास करते हैं, जो कि शासन प्रशासन की कई मूलभूत सविधा एवं योजनाओं से आज भी कोसों दूर हैं, जबकि गांव में लगभग 350 मतदाता निवास करते है। चुनाव में ही ग्रामीणों व मतदाताओं कि याद






नेताओ को आती है। गोपालपुर, सहित अन्य गांव के बच्चे कक्षा पांचवी के बाद धावड़िया, चैनपुरा,बागली के स्कूल मे पढ़ाई के लिए आते हैं।

बारिश के दिनों में रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाते है, ऐसे में बच्चों को इस कीचड़ भरे मार्ग से ही निकलना पड़ता है, जिसके कारण नियमितरूप से वह स्कूल भी नहीं जा पाते हैं, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित होती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा सत्र 23-24 में कक्षा 8,10,11,12 में बच्चे बडी संख्या में फेल हुए हैं। यहां के ग्रामीण मजदूरी एवं खेती कर अपना जीवन यापन करते हैं। आर्थिक स्थिति मध्यम होने के बाद भी अपने बच्चों व परिवार के लिए अतिरिक्त खर्च कर यह मुर्र्मीकरण का निर्णय लिया गया। हालांकि इस मामले को उठाने का उद्देश्य उन जिम्मेदारो के लिए हैं, जो विकास का दावा करते हैं। उनके लिए शर्मिंदगी महसूस करने योग्य है। ग्रामीण भूरसिंह, जितेंद्र ने बताया की लगभग 10 वर्षो से हम सभी ग्रामीण इस मार्ग के पक्के निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन आज तक पुरी नहीं हुई है। इस गांव से तीन रास्ते जुड़े हुए है, पर तीनों कच्चे रास्ते हैं, जो की बारिश में किचड़ में तब्दील हो जातें हैं।

### उपर से लगी है रोक

मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रेवल मार्ग बनाए जाते थे, लेकिन वर्तमान में विगत कुछ समय से ऊपर से ही रोक लगी हुई है, जिसके कारण ग्रेवल मार्ग निर्माण संभव नहीं है, ना हीं पंचायत मुर्र्मीकरण कर सकती है, जैसे ही मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रेवल मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, प्राथमिकता से इस मार्ग का ग्रेवल मार्ग निर्माण कराने का प्रयास किया जाएगा।

**राजू मेढा,** सीईओ जनपद पंचायत बागली

### पंचायत के पास नहीं है अधिकार

पंचायत के पास इतनी बड़ी राशि व अधिकारी नहीं है की इतने लंबे मार्ग पर पक्का निर्माण कर सकें। ना हीं मुर्र्मीकरण के लिए फंड आता है, इसलिए पंचायत स्तर पर संभव नहीं है। इस समस्या से पंचायत की ओर से जिम्मेदारों को पूर्व में भी अवगत कराया गया हैऔर भी करा दिया जाएगा।

**नूरी बाई बामनिया,** सरपंच मुकुंदगढ़

# शहर की डॉक्टर ने सड़क हादसे में गंवाई जान

**इंदौर जाते समय हुआ हादसा**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरुवार को शहर की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर की इंदौर जिले में सड़क हादसे में मौत हो गई। स्कूटी सवार डॉक्टर को ट्रक ने टक्कर मार दी। स्कूटी सहित डॉक्टर ट्रक के नीचे फंस गई, जिसे ट्रक कई फीट तक घसीटते हुए ले गया, जिसके चलते डॉक्टर ने मौके पर ही मौत पर ही दम तोड़ दिया।

जानकारी अनुसार अनामिका लिम्बोदिया (29) अपनी स्कूटी से देवास से इंदौर की तरफ जा रही थी, तभी शिप्रा थाने अंतर्गत सेंटर पाइंट के पास एक ट्रक चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव पीएम के लिए सांवेर के अस्पताल पहुंचाया गया। युवती का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया जंहा परिजनों ने युवती का देवास में अंतिम संस्कार किया। जानकारी अनुसार अनामिका पिता अनोखीलाल लिम्बोदिया उम्र 29 वर्ष चामुण्डापुरी राधागंज गुरुवार को एक्टिवा से इंदौर जा रही थी, तभी इंदौर रोड़ सेंटर पॉइंट पर एक ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों के अनुसार अनामिका उसके भाई अमित लिम्बोदिया के साथ इंदौर ही रहती थी। अमित की शादी हो चुकी है। अनामिका डर्मेटोलॉजिस्ट थी उसका इंदौर में ही निजी क्लीनिक था। पिता अनोखीलाल बीएनपी में कार्यरत है उन्हें घटना की सूचना दोपहर 11.30 बजे मिली वे सीधे घर पहुंचे थे। अनामिका का अंतिम संस्कार देवास में ही किया गया।

## संस्थाओं को नियमित रूप से मिलेगा अनुदान

**देवास।** महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शीघ्र अनुदान राशि प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग द्वारा ऐसी संस्थाएँ, जिन्हें दो या तीन सालों से अधिक समय से मान्यता दी गयी है और वे बिना किसी अनुदान के संस्था का संचालन कर रहे हैं, ऐसी सभी संस्थाओं को सूचीबद्ध कर भविष्य में पीएबी की बैठक में अनुमोदन के लिये प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मंत्री भूरिया ने कहा कि बाल देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे अत्यंत संवेदनशील हैं। ऐसे में इन बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाओं को लंबे समय से अनुदान न मिलने से इन्हें दी जाने वाली सेवाएँ निश्चित तौर पर प्रभावित हुई हैं। अतः यह भी सुनिश्चित किया जाये कि भविष्य में इन संस्थाओं को नियमित रूप से अनुदान मिल सके। इसके लिये आवश्यक कार्य-प्रणाली विकसित की जाये। उन्होंने संस्थाओं को भी निर्देशित किया है कि निवासरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया, दी गई जानकारियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर शरद वर्मा ने कहा कि हर साल 26 जून को दुनिया भर में लोग नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए एक साथ जुड़ते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भारत सिंह गोयल ने नशा ना करने शपथ दिलाई ।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया भर में नशीली दवाओं का दुरुपयोग स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून को मनाया जाता है।

इस वार्षिक अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के उपयोग के विनाशकारी परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक नुकसान, ओवरडोज से होने वाली मौतें और सामाजिक समस्याएं शामिल हैं। समाज, अर्थव्यवस्था और मानव स्वास्थ्य पर नशीली दवाओं के उपयोग के प्रभावों को देखते हुए, 26 जून को मनाया जाने वाला विश्व नशीली दवा दिवस, विज्ञान, मानवाधिकार, करुणा और ज्ञान पर आधारित साक्ष्य-आधारित नीतियों की जरूरतों पर जोर देता है। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# लापरवाही: डिलीवरी के बाद पेट में रह गया था कपड़ा

**जिला अस्पताल की लापरवाही उजागर, आवेदन देकर लापरवाही का लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अस्पताल में एक बार फिर से लापरवाही उजागर हुई है। परिजनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए सीएमएचओ को कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया है।

### जिला अस्पताल में हुई थी महिला की डिलेवरी

प्रसूता पिंकी साहू निवासी शांतिपुरा के पेट से कपड़ा निकला है। बताया जा रहा है कि 9 जून को पिंकी साहू की डिलीवरी जिला अस्पताल में हुई थी। इसके बाद उन्हें घर ले जाया गया था। अब 19 दिन बाद जब वह गुरुवार को शौचालय गई। इस पर उनको पता चला कि उनके पेट में कपड़ा है। जैसे-तैसे उन्होंने वह कपड़ा निकाला और उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि जिला अस्पताल में डिलीवरी के दौरान यह कपड़ा पेट में



ही छोड़ दिया गया था। दरअसल डिलीवरी के दौरान टांके लगाने के वक्त गर्भवती के पेट में कपड़ा छोड़ दिया गया। 18 दिन प्रसूता बाद अचानक घर में बाथरूम गई तो कपड़ा बाहर आ गया। जिससे वह घर में ही बेहोश हो गई।

### ओटी मे निकाला कपडा

परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। ओटी में कपड़ा निकालकर भर्ती कर प्रसूता का इलाज किया गया। परिजनों ने डॉक्टर और स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। मामले में सीएमएचओ ने जांच के लिए टीम बनाने की बात कही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्भवती पिंकी पिता सुनील साहू उम्र 29 वर्ष निवासी शांतिपुरा को कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती करवाया गया था। 9 जून को गर्भवती की नार्मल डिलीवरी हुई, लेकिन ब्लडिंग होने की वजह से सात से आठ टांके लगाए गए। इस दौरान रक्तस्त्राव रोकने के लिए कपड़ा रखा था, लेकिन स्टाफ कपड़ा निकाल भूल गया और टांके लगा दिए। 18 दिन बाद गुरुवार सुबह गर्भवती घर में ही बाथरूम में गई तो पेट में कपड़ा होने का पता चला। गर्भवती बाथरूम में ही बेहोश हो गई। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती करवाया। स्टाफ ने प्रसूता को ओटी में भर्ती कर कपड़ा निकाला।

### लगाए आरोप

परिजनों ने आरोप लगाया कि स्टाफ की लापरावही से गर्भवती की जान जा सकती थी। मामले को लेकर परिजनों ने सीएमएचओ से शिकायत की है। वहीं पूरे मामले में सीएमएचओ शिवेंद्र मिश्रा का कहना है कि हमें आवेदन मिला है। हमने जांच टीम बनाई है, जो भी दोषी होगा उसके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 17 जुलाई से 17 सितंबर तक रावतपुरा सरकार का होगा चार्तुमास

# विक्रम पवार ने पंडित तिवारी के आचार्यत्व में किया भूमि-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री रावतपुरा सरकार का 17 जुलाई से 17 सितम्बर तक लगभग 2 माह चार्तुमास का आयोजन आनंद भवन पैलेस मक्सी रोड देवास पर होगा।चार्तुमास का भव्य अयोजन संत शिरोमणी रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार के सानिध्य मे होगा। चर्तुमास के भव्य आयोजन के आयोजक विधायक गायत्री राजे पवार व विक्रमसिह पवार रहेगें। चार्तुमास के इस भव्य आयोजन मे स्वंय रावतपुरा सरकार अनुष्ठान करेंगे।

अनुष्ठान के साथ नित्य सहस्त्र अर्चन, रूद्र अभिषेक, यज्ञ के साथ 108 पंडितो द्वारा नित्य प्रतिदिन पूजन, पाठ, अनुष्ठान तथा पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक होगा। पूज्य गुरू के सानिध्य मे साधना एवं प्रार्थना प्रतिदिन होगी तथा प्रतिदिन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। पूरे चार्तुमास एवं अनुष्ठान के दौरान विद्यवानों के द्वारा श्री शिव पुराण, श्रीराम कथा, श्रीमद भगवत कथा एवं अन्य धर्मिक कथाए भी होगी। 21 जुलाई आषाढ़ सुदी गुरूपूर्णिमा पर गुरू पूजन कर गुरू पूर्णिमा मनाई जाएगी। चार्तुमास के भव्य आयोजन के लिए भव्य पांडाल एवं यज्ञशाला कार्यस्थल का बुधवार 26 जून को विधायक गायत्री राजे पवार व विक्रमसिह पवार ने सपत्निक आचार्य नरेन्द्र तिवारी के आर्चायत्व मे कार्य स्थल का भूमिपूजन एवं ध्वजारोहण किया। विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम की भव्य तैयारी आरंभ कर दी गई है, निरीक्षण विधायक पवार के द्वारा किया गया। भव्य अयोजन मे पूरे भारत वर्ष से पूज्य महाराज रावतपुरा सरकार के सानिध्य मे अनुयाईयों का समागम होगा। उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम आयोजक विधायक गायत्री राजे पवार के द्वारा विभिन्न समितियों का अलग अलग व्यवस्था के लिए गठन भी किया गया है। समितियों का गठन कर समिति स्वंय सेवक संचालको को जवाबदारी भी सौंपी गई है। भव्य अयोजन के भूमिपूजन के अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, शुभम चौहान आदि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती 30 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में प्रथम बार राज्य स्तरीय ओपन आर्म रेसलिंग (पंजा कुश्ती) प्रतियोगिता 30 जून रविवार को श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल चौराहे पर आयोजित होने जा रहा है।

महू से पधारे मध्यप्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष मनोहर सिंह शेखावत ने आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि प्रतियोगिता में 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार अलग अलग वजन समूह में बांटा जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के लगभग 150 से अधिक पंजा कुश्ती के खिलाड़ी भाग लेंगे। शेखावत ने आगे बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर व जूनियर वर्ग के बालकों अपने अपने वजन वर्ग में विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, के साथ मेडल व प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। इसी वर्ष देवास के पंजा कुश्ती खिलाड़ी मुजाहिद शेख ने राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर देवास शहर का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के आयोजक मध्यप्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन एवं देवास जिला आर्म रेसलिंग एसोसिएशन रहेंगे। उक्त जानकारी सचिव सोहेल शेख मलिक ने दी।

## खबर संक्षेप

### पौधे लगाना बहुत ही जरूरीः न्यायाधीश



आष्टा। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधे के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। यह बातें नगर पालिका में पंच-ज अभियान के तहत विधिक साक्षरता जागरूकता के आयोजन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एम एनएच रजवी ने कहीं। जिसमें सर्वप्रथम पौधारोपण किया गया। जिसमें वातावरण के अनुकूल पौधें लगाए गए। उसके पश्चात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री रजवी ने स्थायी निरंतर लोक अदालत की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, राय सिंह मेवाड़ा, पार्षद, नगर पालिका कार्यालय के कर्मचारी व न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सोयाबीन में आ गई 200 रुपए की गिरावट

आष्टा। इस समय नगर की किसी उपज मंडी में आवक में लगातार कमी देखी जा रही है। इसकी वजह यह है कि किसान इस समय बोवनी के कार्य में लगा हुआ है। जिन किसानों के सोयाबीन बोवनी करने के बाद बच गए हैं वह मंडी लाकर बेच रहे हैं। बीज के समय जहां सोयाबीन महंगे दामों मिल रहा था वहीं अब उसके भाव में गिरावट देखी जा रही है। आवक 9446 क्विंटल पर सिमट गई। कृषि उपज मंडी में चना कांटा 4350 से 6460, चना मौसमी 6000 से 6420, सोयाबीन पीला 2360 से 4620, मसूर 3400 से 6270, राई 5112 से 5172 भाव बिका।

### राजस्व मंत्री ने आष्टा के नवीन थाना भवन का किया लोकार्पण

# सज्जनों का सम्मान करें और दुर्जनों के विरुद्ध हो कठोर कार्रवाईः राजस्व मंत्री

विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रदेश के थानों का उन्नयन तथा नवीन भवनों की दे रहे हैं सौगात।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर तथा डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने आष्टा के नवीन थाना भवन का लोकार्पण किया। यह नवीन थाना भवन 94 लाख रूपये की लागत से 5535 वर्गफीट क्षेत्रफल मे बना है। शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि नवीन थाना भवन में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से पुलिस बेहतर ढंग से कार्य संपादन कर सकेगी। वर्मा ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा में 24 घंटे उपलब्ध रहती है और हर परिस्थिति में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे समर्पित भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है। वर्मा ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सज्जन लोगों का सम्मान होना चाहिए और दुर्जनों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि थाने परिसर का वातावरण और पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि थाने में आने वाले व्यक्ति को यह लगे कि उसके साथ न्याय होगा। राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि लोगों के काम सुगमता से हो सकें इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबधी कामों के लिए लोगों को भटकना न पडे इसके लिए प्रदेश में राजस्व महाभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 30 लाख से भी अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया।



### मुख्यमंत्री थानों का उन्नयन तथा नवीन भवनों की दे रहे हैं सौगातः विधायक

विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए पुराने थाना भवन में पर्याप्त स्थान नही था। इस नवनिर्मित भवन से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ही पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी कार्य संपादन करना पहले से अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के सभी थानों को उन्नयन और नये थाने की सौगात दे रहे है। डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि इस नवीन सर्वसुविधायुक्त थाना भवन से पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य संचालन में सुविधा होगी और थाने में आने वाले नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।





### सर्वसुविधायुक्त थाना भवन से पुलिस की कार्यक्षमता में होगी वृद्धिः कलेक्टर

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने नवीन थाना भवन के लोकार्पण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां कार्य संपादित करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे व्यापार हो या अन्य कोई व्यवसाय हो या अन्य कोई सेवा हो, प्रत्येक व्यक्ति के काम एक समय निर्धारित होता है, लेकिन पुलिस का कोई निर्धारित समय नही है, उन्हें जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहना पडता है।

### नवीन भवन से नागरिकों को और अधिक बेहतर सेवाएं दे पाएगी पुलिसः एसपी

एसपी मंयक अवस्थी ने कहा कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से आष्टा थाना महत्वपूर्ण है। बढती जनसंख्या और कानून व्यवस्था की चुनौतियों को देखते हुए भवन की आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि 94 लाख रूपये की लागत से निर्मित यह थाना भवन वर्तमान समय की सभी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बनाया गया है। थाना भवन में महिलाओं, बच्चों के लिए पृथक कक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस थाना भवन की खास बात यह है कि वर्षा के जल संरक्षण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे इस परिसर के भू-जल में वृद्धि होगी। इस अवसर पर आष्टा जनपद पंचायत अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, रायसिंह मैवाडा तथा धारासिंह पटेल सहित गणमान्य नागरिक और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर सामान की कुर्की

### फीस वृद्धि पर कलेक्टर ने सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल पर लगाया था जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर सीहोर नगर तहसीलदार नीलम परसेंडिया के नेतृत्व में राजस्व विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिका की टीम द्वारा सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा जुर्माने की राशि जमा नही करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई कुर्की की कार्रवाई में लगभग दो लाख रुपये मूल्य के संस्था के 15 कंप्यूटर जब्त किए गए। उल्लेखनीय है कि सीहोर के सेन्ट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा फीस वृद्धि और एक ही दुकान से छात्र-छात्राओं को पुस्तकें खरीदने की शिकायतें प्राप्त हुई थी।

शिकायत सही पाये जाने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सेन्ट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। साथ ही जुर्माने की राशि सात दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए थे। सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल की 14 जुलाई 2023 को फीस वृद्धि तथा छात्र-छात्राओं द्वारा एक ही दुकान से पुस्तकें क्रय करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में संबंधित स्कूल के प्राचार्य/संचालक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। सूचना पत्र का जवाब समाधान कारक नहीं पाए जाने पर 18 दिसंबर 2023 को कलेक्टर प्रवीण सिंह ने चार सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच करने के निर्देश दिए गए थे। जांच दल द्वारा संस्था प्रबंधन को शिकायतों का निवारण करने के लिए कहा गया।

जिनमें संस्था प्रबंधन छात्र - छात्राओं से जो फीस वृद्धि की गई है, उन्हें पालकों को वापस करने के लिए कहा गया एवं छात्र-छात्राओं की पुस्तके जो कि एक ही दुकान से विक्रय हो रही है, उसे न्यूनतम तीन दुकानों पर विक्रय कराने एवं छात्र-छात्राओं की धार्मिक आस्थाओं पर ठेस न पहुंचाने एवं बच्चों पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक दबाव नहीं बनाने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही बढाई गई फीस को अधिनियम की धारा अनुसार 30 दिवस के भीतर पालको को वापिस करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन संस्था प्रबंधन द्वारा आज तक पालकों को फीस वापिस नहीं की गई। निर्देशों की अवहेलना करने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने स्कूल शिक्षा मंत्रालय, सरकार द्वारा संस्था के संचालक/प्राचार्य पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने राजस्व मंत्री का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोठरी

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा दिनांक 26 जून को आष्टा के नवनिर्मित पुलिस थाने के उदघाटन के लिए जा रहे भोपाल से आष्टा के बीच कोठरी नगर परिषद में अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, उपाध्यक्ष प्रीति युवराज सिंह द्वारा राज्य मंत्री का बड़े ही गर्म जोशी से भव्य स्वागत किया गया। उक्त स्वागत सम्मान समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र कुमार जाटव पाषर्दगण ललता विजय सिंह, सीमा मुकेश भेण्डी, ऋचा संजय पटेल, सीमा जितेन्द्र आजाद, रितु शिशुपाल, देवकरण बकोरिया, राजपाल खेरी, मदनलाल वर्मा ,मनीषा दिनेश चौधरी, भाग्यश्री रितेश पटेल, सीमा जगदीश मेंचन, बबीता धरमसिंह एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।

# नशा रोकने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिद्दिगंज

पुलिस मुख्यालय और वरिष्ठ अधिकारीगणों, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी जिला सीहोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर अनुभाग आष्टा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. गोपिन्द्र सिंह राजपूत व थाना स्टाफ द्वारा ग्राम सिद्दीकगंज में निवासीगणों को एकत्रित कर नशामुक्ति जनजागृति अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम किया गया। जिसमें वहां स्थित लोगों को थाना प्रभारी ने नशे से दूर रहने व नशे के कुप्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके अलावा स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है और शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। आज स्कूल, कॉलेज व गांवों में छोटे-छोटे कस्बों के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है। उन्होंने कहा कि आज कल अक्सर ये देखा जा रहा है कि युवा वर्ग इसकी चपेट में दिनों-दिन आ रहा है वह तरह-तरह के नशे जैसे- तम्बाकू, गुटखा, बीडी, सिगरेट और शराब के चंगुल में फंसता जा रहा है व इससे जुड़े काले धंधों में लिप्त होकर जीवन बर्बाद कर रहा है। हमें इससे बचना चाहिए। इस दौरान नशा ना करने की शपथ दिलवाई।



# विधायक से मिला होटल व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल, किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶आष्टा

होटल व्यापारी संघ मेन के नव निर्वाचित अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल और संरक्षक धनरूपमल जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक निवास पर पहुंच कर उनसे भेंट की और परिचय कराया। विधायक निवास पर पहुचे नए अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल, संरक्षक धनरूपमल जैन का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने शाल और साफा बांध कर सभी को मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। विधायक ने मिले नए दायित्व के प्रति बधाई देते हुए कहा की आप सभी स्वतंत्र होकर व्यापार करे, आपको कही भी, कभी भी अगर कभी भी कोई परेशानी आये तो आपका ये विधायक आप सबके साथ हमेशा खड़ा है। इस अवसर पर उपस्थित प्रभात धाड़ीवाल डायरेक्टर ऑल इंडिया व्यापारी संघ, तेज सिंहराठौड़ पार्षद, वीरेंद्र ठाकुर जवार, उत्थान धरवा और आष्टा होटल व्यापारी संघ मेन के व्यापारी सदस्य गण मुकेश जैन, दिलीप वशिष्ट, नरेश लक्ष्मी, उज्वल जैन, पवन श्रीमाल, मुकेश मेवाड़ा बाबा, संजय वशिष्ठ, मनोहर मेवाड़ा, नरेश खत्री, किशोर वशिष्ठ, हर्ष राठौर ,भानु मेवाड़ा लोकेंद्र वशिष्ट उपस्थित थे।

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा पांच दिवसीय श्रीहरिकथा का हुआ आयोजन

# सीता और उर्मिला का आदर्श पत्नी धर्म अति विलक्षणः आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्यामपुर

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान शाखा श्यामपुर के तत्वावधान में गत सप्ताह ग्राम अजगरा-अजगरी चाचौड़ा में पांच दिवसीय श्रीहरिकथा और भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन अपने गरिमामय शैली में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत आशुतोष महाराज की दिव्य कृपा से श्रीरामचरितमानस श्रीमद्भागवत वेद उपनिषद पुराण व संत महात्माओं ऋषिगणों की वाणी के आधार पर भगवान शिव-सती-पार्वती संवाद, प्रभु श्रीराम श्रीकृष्ण के धर्म संस्थापनार्थ अभियान, देवी सीता उर्मिला का विलक्षण पत्नी धर्म, विपत्तिकाल में भक्त प्रहलाद की रक्षा हेतु नरसिंह भगवान का प्राकट्य, श्रीरामकाज हेतु हनुमान जी की निष्काम सेवाभक्ति, भक्तिमति मीराबाई द्वारा सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध क्रांतिकारी भूमिका एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महान भूमिका इत्यादि प्रसंगों के माध्यम से स्वामी महादेवानन्द ने ज्ञानामृत की वर्षा की। संगीतकार बंधुओं ने सुंदर भजन प्रस्तुत किये। ज्ञानामृत से बड़ी संख्या में पधारे श्रद्धालु श्रोता बंधुओं ने कथा में आत्मिक आनन्द का रसपान किया। ध्यानशिविर में जिज्ञासु बंधुओं ने परम-पूज्य दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की कृपा से ब्रह्मज्ञान की दीक्षा द्वारा ईश्वर तत्व के सनातन स्वरूप का दिव्य दर्शन कर जीवन में धर्मपथ का श्रीगणेश किया।

यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि श्रीहरिकथा का भव्य आयोजन अतर सिंह मीना, बदन सिंह एवं व्यंकट सिंह के परिवार की ओर से इस वर्ष दूसरी बार किया गया। जिसके लिए संस्थान की ओर से पूरे परिवार को शुभभकामनाओं के साथ हृदय से आभार व्यक्त किया गया। कथा में श्रद्धालु श्रोता बंधुओं व बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति माताओं बहनों सहित पूर्व विधायक ममता मीना रघुवीर सिंह मीना, भारत सिंह मीना इत्यादि नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने कार्यक्रम की हृदय से सराहना की। प्रभु श्रीराम के धर्म संस्थापना के महान अभियान के अंतर्गत कुछ विशिष्ट प्रसंगों को प्रस्तुत करते हुए स्वामी जी ने उपस्थित जनमानस को बताया कि प्रभु श्रीराम का चरित्र देदीप्यमान है। राजपाठ नहीं, वे वनवास में भी प्रसन्न हैं, अर्थात वे सदैव सम अवस्था में रहते हैं। चित्रकूट में कौशल्या से पहले उन्हें वनवास दात्री माता कैकेयी को वे सबसे पहले प्रणाम करते हैं। यह कृत्य उनकी महान उदारता को प्रदर्शित करता है। शौर्य-वीरता की बात करें तो खरदूषण त्रिशिरा जैसे शक्तिशाली राक्षसों को वे कहते हैं कि तुम जैसे असुरों को मारना हमारे लिए मृगों से खेलने के समान है।



जब जटायु वीरगति को प्राप्त हुए तब उनसे कहते हैं कि सुरधाम में पिताश्री दशरथ से सीता हरण का समाचार नहीं कहियेगा। नहीं तो वे दुःखी होंगे। हम रावण को कुल सहित मारकर सुरधाम भेज देंगे । तब वे स्वयं जाकर यह संदेश देंगे, तो यह ज्यादा उचित होगा। यह उनकी असीम निर्भयता और अदम्य साहस को दर्शाता है। रामायण में एक ओर प्रभु श्रीराम के चरित्र से एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भ्राता, आदर्श पति, आदर्श नायक की झलक देखने को मिलती है। श्रीपवनसुत हनुमान जी के चरित्र से आदर्श सेवक का प्रतिमान तो लक्ष्मण जी के चरित्र से वनगमन में प्रभुश्रीराम व माता सीता की सेवा हेतु उनके साथ 14 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि हेतु जाने के लिए वैराग्य की उच्च पराकाष्ठा प्रकट होती है। आशुतोष महाराज अखिल विश्व के समस्त जनमानस को सम्बोधित करते हुये प्रेरित करते हैं कि हमारे समाज में विवाहोपरांत नारी को धर्मपत्नी कहा जाता है। अर्थात वो जो धर्म की धारिणी हो । वो जो स्वयं भी धर्मपथ की अनुगामिनी हो तथा अपने पति को भी धर्म-पथ पर प्रशस्त करती हो, वही सच्ची धर्मपत्नी है। आदर्श धर्म सहचरी अथवा आदर्श धर्मपत्नी की भूमिका प्रभुश्रीराम की भार्या जनकदुलारी सीता से सीखने को मिलती है। जिन्होंने राजमहल की सुख-सुविधाओं को त्यागकर श्रीराम के साथ दुर्गम वनगमन को चुना। भोग रोग सम भूषन भारू। सीता कहती हैं कि श्रीराम के बिना राजमहल के सुखभोग तो रोग के समान हैं । वहीं दूसरी ओर लक्ष्मण की भार्या देवी उर्मिला के जीवन से आदर्श धर्म-विरहिणी की त्यागमयी जीवनयात्रा का चयन अहंरहित विशुद्ध प्रेम की शिक्षा बेहद प्रेरणाप्रद है ।

श्रीहरिकथा कार्यक्रम के आयोजक अतर सिंह मीना, बदन सिंह एवं व्यंकट सिंह ने कार्यक्रम व्यवस्था हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त आयोजक परिवार के साथ-साथ श्रद्धालु श्रोताबंधुओं माताओं-बहिनों व सेवा कार्य में संलग्न सदस्यों गीता मीना, प्रद्युम्न सिंह मीना, होशियार सिंह, मनीष, निकित, भूपेंद्र, ओमप्रकाश, पर्वत सिंह, गोविंद राठौर, यशराज इत्यादि सेवाकार्य में सक्रिय सदस्य बंधुओं एवं बहनों के लिए संस्थान की ओर से स्वामी ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ आचार्य अभ्यास वर्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶जावर

आचार्य अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस पर मां सरस्वती प्रणवाक्षर ओम भारतमाता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।

जिसमें स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सचिव बाबूलाल पटेल, समिति सदस्य कैलाश सोलंकी, प्राचार्य हरपाल सोलंकी, अतिथि उद्बोधन में भारतीय संस्कृति एवं नालंदा विश्वविद्यालय की शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। आज भी लोगों की मानसिकता के द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी के साथ और विघालय विकास देश में अभी लोकतंत्र का महान पर्व के माध्यम से चुनाव हुआ,देश में पर्यावरण को बचाना इसलिए देश में मां के नाम से एक पेड़ लगाकर 1952 में प्रथम विघालय गोरखपुर में प्रारंभ किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी। संघ के 2025 में 100 वर्ष पूरे होने पर देश अन्य गतिविधि एवं राष्ट्र को सुरक्षित करने का संकल्प लिया अतिथि का परिचय सुरेन्द्र शर्मा ने कराया। अतिथि स्वागत मनोहर लाल शर्मा ने किया, संगीता ठाकुर, कार्यक्रम का संचालन सोबाल सिंह ठाकुर ने किया। आचार्य परिवार विजेंद्र सिंह, सागर सिंह, अभिषेक, अल्का शर्मा, रानू भरेवा, मनीषा, प्रियंका, संतोष चौहान, ममता शर्मा,नीलू ठाकुर, बेबी पाटीदार, सुलोचना ठाकुर, रुपम महेश्वरी, रीतू ठाकुर उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने 15 अगस्त तक मछलियों के मारने, बेचने पर लगा रखा है पूर्ण प्रतिबंध

# जिले में गर्भकाल में मारी जा रहीं मछलियां मत्स्य विभाग के अधिकारी भी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय पर बुधवार के साप्ताहिक हाट-बाजार में सुबह से शाम तक बाकायद हमेशा की तरह सुबह से देर शाम तक मछली बाजार आम दिनों की तरह लगा रहा। लेकिन, मत्स्य विभाग का कोई जिम्मेदार कार्यवाही करने नहीं पहुंचा। राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने विगत दिनों आदेश जारी करते हुए 15 जून से 15 अगस्त तक का समय मछलियों के मारने, परिवहन एवं बेचे जाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन, इसके बाद भी न केवल राजगढ़ बल्कि ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर समेत जिले के अन्य शहरों, कस्बों एवं ग्रामों में प्रतिदिन बाजार लगाकर खुलेआम मछलियां बेची जा रही हैं।



#### इसलिए लगा है प्रतिबंध

दरअसल, जून के मध्य से लेकर अगस्त तक के समय मछलियों का प्रजननकाल रहता है। इस अवधि में मछलियां सैकड़ों अंडे देती हैं और उन सैकड़ों अंडों में से हजारों मछलियां पैदा होती हैं। अगर, गर्भवती एक मछली को मार दिया जाए तो वो सिर्फ एक नहीं बल्कि उसके पेट में अंडों के रूप में पल रही सैकड़ों मछलियां पैदा होने से पहले ही मर जाती हैं। ऐसे में मछलियों का विकास रुक जाता है।

#### इधर, मछलियों के संवर्धन के लिए बांटे गए डेढ़ करोड़

एक तरफ जहां प्रजननकाल में बेहिसाब मछलियों को मारा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मत्स्य विभाग मछलियों के संवर्धन हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 1 करोड़ 55 लाख रूपये लोगों को बांट चुका है, ताकि वे छोटे-छोटे तालाब आदि बनाकर मछलियों को बढ़ाने में मददगार बने। वहीं दूसरी और प्रतिदिन हजारों गर्भवती मछलियां लोगों का आहार बन रही हैं।


जून से अगस्त तक रहता है प्रजननकाल, अंडे देती हैं मछलियां

मछलियां मारने, बेचने पर आज से 15 अगस्त तक पूरी तरह प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जून मध्य से लेकर अगस्त मध्य तक का समय विभिन्न प्रकार की मछलियों के लिए प्रजननकाल का समय रहता है या दूसरे शब्दों में कहें तो मछलियां अंडे देती हैं। यही कारण है कि मछलियों का उत्पादन, वंशवृद्धि को बढ़ाने उक्त अवधि को मतस्याखेट के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने विभाग के नियमों और अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंदऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया है। इस अवधि में मछलियों को मारने, बेचने इत्यादि पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेशानुसार अगर कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसे 1 वर्ष का कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। छोटे तालाब या अन्य स्रोत जिनका संबंध नदी, नालों से नहीं है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, मछलियों का क्रय-विक्रय न तो स्वयं करने और न ही अन्य को सहयोग करने की अपील मतस्य विभाग द्वारा की गई है।

क्या हो पाएगा आदेश का पालन

यह आदेश हर साल जारी तो किया जाता है, लेकिन खुद मतस्य विभाग के जिम्मेदार ही इसका पालन नहीं करवा पाते हैं। अब तो जिले में बड़े डेम बन चुके हैं ऐसे में न केवल नदियों, तालाबों बल्कि डैमों से भारी मात्रा में मछलियां मारकर उन्हें भोपाल एवं बड़े शहरों में भेजा जा रहा है। देखते हैं इस बार कलेक्टर के आदेश का अक्षरक्षः पालन मतस्य विभाग के अधिकारी करवा पाते हैं या नहीं।

#### अनेकों प्रजाति हो रही हैं विलुप्त

मछलियों को गर्भावस्था में ही मार दिए जाने से राजगढ़ जिले के तालाबों, नदियों एवं अन्य जल-स्त्रोतों में बाम, अंडोश जैसी प्रजाति की मछलियां या तो विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।

आज में मंत्रीजी की बैठक के संबंध में ब्यावरा आया था। अब ने केवल राजगढ़ बल्कि जहां भी मछली बाजार लगेगा वहां कार्यवाही देखने मिलेगी।

भारत सिंह मीणा, सहायक संचालक, मत्स्य विभाग, राजगढ़

## जनपद सीईओ ब्यावरा के खिलाफ लामबंद हुए सरपंच, लगाया भ्रष्टाचार के आरोप!

### सीईओ बोले- जिला पंचायत से जो सूची मिली थी उसी के अनुसार किया है भुगतान, बचे हुए लोग कर रहे हैं प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जनपद सीईओ पर कमीशन खोरी का आरोप लगाते हुए ब्यावरा जनपद के सरपंचों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सरपंच संघ के अध्यक्ष कमलसिंह पंवार एवं उपाध्यक्ष दिनेश मीना द्वारा सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया कि जनपद पंचायत ब्यावारा में किए गए कार्यों में सीईओ द्वारा राशि जारी करने के बदले में कमीशन मांगा जा रहा है। सार्वजनिक कार्य हो या हितग्राही मूलक सभी में 7-10 प्रतिशत राशि की मांग की जा रही है।

शासन की जनहितैषी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कई सरपंचों ने जनपद सीईओ के कार्यालय में नहीं मिलने से उनके के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं बीआरसी भवन में आयोजित प्रशिक्षण का बहिष्कार कर एसडीएम गीतांजलि शर्मा को ज्ञापन दिया गया। ब्यावरा के जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ब्यावरा ब्लॉक के सरपंचों ने आरोप लगाया कि विगत 7-8 माह से ब्यावरा जनपद पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जनपद सीईओ द्वारा जनपद सदस्य निधि की फाइले जिसमे सीसी सड़क, निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य, कपिल धारा,और स्वच्छता, मास्टर, जीरो टैग जैसी कई हितग्राही मूलक योजनाओं के कार्यों की फाइलें विगत एक सप्ताह से कमीशन खोरी के चलते पेंडिंग पड़ी हुई है।

सरपंचों ने आरोप लगाया है कि दो जीआरएस और सेक्टर इंजीनियर के माध्यम से कमीशन की मांग की जाती है। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा हितग्राही मूलक काम एवं बिलो के भुगतान की राशि पेंडिंग पड़ी हुई है। प्रत्येक फाइल पर करीब सात से दस प्रतिशत की राशि की मांग की जा रही है। जीणोद्धार तालाब के लिए राजगढ़ कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा एस जारी की गई मगर अप्रूवल और मस्टर कमीशन के चक्कर में उलझाई हुए है। जनपद सीईओ द्वारा हितग्राहियों को मप्र शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विगत एक सप्ताह से तो सीईओ अपने कार्यालय में आ तक नहीं रहे हैं। ब्लॉक की ग्राम पंचायत अतरालिया के झारखेडा सरपंच ने बताया कि कमीशन नहीं देने के कारण ग्राम पंचायत अतरालिया में शमशान निर्माण के पुराने बिल की फाइल आज तक अटकी हुई है। जिसकी तीन बार राशि आ चुकी, लेकिन कमीशन के कारण आज तक उस राशि का भुगतान भी नहीं हुआ है। ऐसे जनपद सीईओ को ब्यावरा से हटाने की मांग सरपंचों द्वारा की गई है।

## मंत्री ने किया लाखों के कार्यों का भूमि पूजन



सुठालिया। ग्राम खनोटा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन खेड़ापति मंदिर की बाउंड्री वॉल सीसी तालाब जीर्णोधार का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस मौके पर नारायण सिंह सालरियाखेडी मंडल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी भाजपा नेता अशोक अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पालीवाल ओम पालीवाल माधवी परमार रघुवीर मनीष पूर्व सरपंच बाबूलाल सोंधिया नारायण सिंह सोंधिया एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### रेलवे विभाग व एनएच विभाग टीम सहित जिला कलेक्टर पहुंचे मौके पर

## खिलचीपुर-कुंडीबे मार्ग पर बाइपास रोड पर दर्जनों ग्रामवासी 5वें दिन भी रहे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित कुंडीबे गांव के पास रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन का कार्य तीव्र गति से जारी है, वहीं एनएच का भी निर्माण कार्य विभाग द्वारा तीव्र गति से चल रहा है। गांव कुंडीबे रेलवे विभाग ओर नेशनल हाईवे दोनों के लिए बीचों-बीच सेंटर पर है , जिस पर बरसों से पक्का रोड शासन द्वारा दिया गया है। रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीण जन आज बुधवार धरने पर डटे रहे, जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित रेलवे विभाग व एनएच विभाग की टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। वहीं ग्रामीण जनों की रास्ते की समस्या को हल करने के लिए मौका मुआयना कर ग्रामीणों का रास्ता चालू रखने के लिए रेलवे ओर एन एच विभाग के अधिकारियों के साथ गुरुवार को मीटिंग रखी ताकि ग्रामीणों की समस्या का निष्कर्ष निकल सके। इस दौरान हर्ष दीक्षित जिला कलेक्टर, सुशील कुमार एसडीम खिलचीपुर, सोनू गुप्ता तहसीलदार खिलचीपुर, रेलवे विभाग के एम डी एच सी मीणा सहित एनएच विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारी गण ओर ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



#### मीटिंग रखी है...

रेलवे और एनएच विभाग के साथ कल मीटिंग रखी है। जल्द ही ग्रामीण जनों की समस्या हल की जाएगी।

हर्ष दीक्षित, जिला कलेक्टर राजगढ़

## थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ने किया लाइन अटैच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

विधायक की नाराजगी के बाद एसपी यशपाल सिंह राजपूत ने तिलावद चौकी प्रभारी रामरूप सिंह पवार अवंतीपुर बडोदिया व थाना प्रभारी रामकुमार पाटिल को लाइन अटैच कर दिया। क्योंकि क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही थी जिन पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा था। इसीको ध्यान में रखते हुए विधायक को लगातार नागरिकों की शिकायतें प्राप्त हो रही जिसको कालापीपल विधायक ने एसपी के समाने नाराजगी ज़ाहिर की। इसीको ध्यान में करते हुए तिलावद चौकी प्रभारी व अवंतीपुर बड़ोदिया थाना प्रभारी और को लाइन अटैच किया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य दीदियों के प्रशिक्षण के लिए तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग बुधवार से प्रारंभ हुआ। 26 से 28 तक चलने वाले तीन दिवसीय सत्र मे पढाई संबंधित जानकारी दी जायेंगी। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता विपिन मिश्रा रहे।

अध्यक्षता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य अशोक गुप्ता ने की विशेष अतिथि विद्यालय प्राचार्य शिवराज सिंह चैहान उपस्थित रहे। यह अभ्यास वर्ग आचार्य दीदी की गुणवत्ता विकास के लिए है। मुख्य वक्ता ओ ने नई शिक्षा नीति 20-20 के शिक्षण पर प्रकाश डालते अशोक गुप्ता ने बताया कि शिक्षक हमेशा संपूर्ण नहीं होता वह पूरे जीवन भर सीखता रहता है। द्वितीय सत्र आईसीटी के ऊपर रहा उसमे आचार्य उपेंद्र सक्सेना एवं नर्मदा प्रसाद ने बताया कि आईसीटी के प्रयोग से मोबाइल के माध्यम से बच्चों की फीस की जानकारी,रिकॉर्ड बुक में संचित कर सकते हैं, एवं परीक्षा पेपर निर्माण के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह राठौड़ ने किया, एवं आभार सदी दीदी ने माना।



## मैहर मालवीय समाज ने कबीर जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मैहर मालवीय समाज द्वारा संतश्री शिरोमणी कबीर महाराज का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह कबीर मंदिर समिति ने रखा। जिसमें सांसद, विधायक हजारीलाल दांगी, लक्ष्मीनारायण चौहान झिरी, महंत गुरुजी राधेश्याम, समिति प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विष्णुप्रसाद मालवीय, मानसिंह मालवीय, अध्यक्ष कैलाश मालवीय, गोकुल प्रसाद, केसर मालवीय, भागीरथ, दुर्गा प्रसाद, माचलपुर भेरुलाल मालवीय, विजयसिंह मालवीय, रामकिशन मालवीय,भेरुलाल मालवीय पीरु लाल मालवीय प्रभु लाल मालवी आदि समाज जन उपस्थित रहे।



ब्यावरा। तीसरे दिन भी चली प्रशासन की अस्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहीम।

## महाविद्यालय में परीक्षा देने आई छात्रा गायब, पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई

जीरापुर। समीपवर्ती ग्राम टपरियाहेड़ी से कॉलेज गई छात्रा गायब हो गई। गांव से महाविद्यालय में परीक्षा देने आई एक 19 वर्षीय युवती लापता हुई। युवती के पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी अनुसार युवती के पिता भागीरथ किरार निवासी टपरियाहेडी के द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि युवती जीरापुर कॉलेज में पेपर के लिए आई लेकिन कॉलेज के गेट के सामने से ही लापता हो गई। उसके बाद से अभी तक कोई पता नहीं चला। पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर गुम इंसान की कायम किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तलाश शुरू की।

## हरिओम ने जीता सिल्वर तो शिवानी के हाथ लगा कांस्य पदक, हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में संचालित खेलो इंडिया जूडो स्मॉल सेंटर के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया इंटर साई जूडो चेम्पियनशिप के लिए हुआ। उक्त आयोजन 20 से 24 जून तक भोपाल में हुआ था जिसमें जिले के 4 बालक एवं 4 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल में 81 किग्रा में हरिओम प्रजापति ने सिल्वर एवं 40 किग्रा में शिवानी भिलाला ने कास्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ज्यातिराज प्रजापति ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाडियों को कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा एवं संभागीय खेल अधिकारी शार्मिला डावर द्वारा किट प्रदाय कर सम्मानित किया एवं खिलाड़ियों को शुभकामानाएं दी। उल्लेखनीय है कि ब्यावरा के जूडो प्रशिक्षक राजकुमार प्रजापति द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### 38 करोड़ से होगा हाइवे का नया निर्माण, डिवाइडर के साथ बनेगा फोरलेन रोड

## राज्य मंत्री टेटवाल के प्रयास से पुराने हाइवे निर्माण को मिली स्वीकृति, जाम से मिलेगी लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर से निकले पुराने हाइवे पर रोजाना जाम जैसे हालात रहते हैं। उक्त मार्ग पर अतिक्रमण और जर्जर रोड के कारण वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अब लोगों के लिए राहत की खबर आई है। दरअसल, पुराने हाइवे मार्ग निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। जिसके तहत करीब 38 करोड़ की लागत से मार्ग चौड़ीकरण के साथ ही डिवाइडर और फोरलेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। जिसमें बिलोदा बायपास जोड़ से गोपालपुरा जोड़ तक करीब सात किमी मार्ग निर्माण होगा। साथ ही कालीसिंध नदी पर नए पुल निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है। जिसकी टेंडर प्रक्रिया जारी है।

राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने बताया कि उक्त रोड बीच में डिवाइडर युक्त बनेगा और इनके बीच में पौधे लगाए जाएंगे। रोजाना के जाम से मिलेगी निजातः पुराना हाइवे संकरा है और अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही ट्रैफिक दबाव भी अधिक होने से वाहन गुत्थमगुत्था होते रहते हैं। जिसके कारण रोजाना जाम से हालात रहते हैं। ऐसे में मार्ग चौड़ा होने और फोरलेन निर्माण से वाहन चालकों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।



#### नलखेड़ा से भैंसवा माता की दूरी होगी कम

माता और मां बगलामुखी नलखेड़ा माताजी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को लंबी दूरी तय करना पड़ती है। संडावता-छापीहेड़ा होकर चक्कर से जाना पड़ता है। अब भैंसवामाता से सीधी नलखेड़ा तक सड़क बन जाने से दूरी कम होने से श्रद्धालुओं को दोनों धार्मिक स्थानों तक आने-जाने में सहूलियत होगी।

#### इनका कहना है...

पुराने हाईवे की दशा सुधारने को लेकर प्रयासरत थे। अब मार्ग निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। बीच में डिवाइडर बनाकर उनमें पौधे लगाएंगे, ताकि नगर की सुंदरता बढ़ सके।

गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री

## एनसीसी राष्ट्रीय स्तर की ट्रैकिंग कर लौटे छात्र सैनिक

**विभिन्न राज्यों की संस्कृति को जाना, समझा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर निवासी छात्र सैनिक नवनीत शर्मा 17 जून से 24 जून तक अमरकंटक में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ट्रैकिंग पूर्ण कर लौटे। कैंप के लिए कैडेट का चयन कमांड अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा के निर्देशन में कैडेट्स की पूर्व की गतिविधियों को देखते हुए किया गया था।कैंप में सभी राज्यों के कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कैंप के दौरान छात्र सैनिकों ने नर्मदा उद्गम, कपिलधारा, दूध धारा, दुर्गाधारा, शंभू धरा, प्राचीन जैन मंदिर देखने के साथ ही 50 किलोमीटर पैदल ट्रैकिंग भी की। कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों की संस्कृति को जाना और समझा। कैंप समापन पर अधिकारियों ने प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए उज्वलल भविष्य की कामना की।